(c) and (d) About 1254 proposals on the subject of revision of list, which inter-alia include the issues of inclusion in SC/ST lists, have been received from various States/UTs. The Government of India in the Ministry of Welfare have constituted an Advisory Committee on Revision of Scheduled Castes and Scheduled Tribes Lists. The report of the Committee is awaited.

देश में पेट्रोलियम पदार्थों की आवश्यकता

*7. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान देश में उत्पादित पेट्रोलियम पदार्थों की कुल मात्रा कितनी-कितनी थी;

(ख) देश में पेट्रोलियम पदार्थों की राज्यवार वर्तमान आवश्यकता कितनी कितनी है ;

(ग) पेट्रोलियम के क्षेत्र में आत्म-निर्भर होने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) वर्ष 1992–93 और 1993-94 के दौरान कच्चे तेल और अन्य पेट्रोलियम पदार्थों पर कुल कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की गई तथा वर्ष 1994–95 के दौरान इन पर कुल कितनी विदेशी मुद्रा व्यय किए जाने की संभावना है ; और

(ङ) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) देश में 1992–93 तथा 1993–94 के दौरान उत्पादित प्राकृतिक गैस से एल पी जी तथा एन जी एल सहित पेट्रोलियम उत्पादों की मात्रा क्रमश: लगभग 50576 डी एम टी, 52927 टी एम तथा टी,53800 टी एम टी थी।

(ख) वर्ष 1993–94 के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की राज्यवार खपत नीचे दी गई है :–

(मात्रा टी एम टी में)

राज्य	1993–94
1	2
आन्ध्र प्रदेश	3925
अरुणाचल प्रदेश	85
असम	881
बिहार	3336
गोआ	657
गुजरात	6005
हरियाणा	1997
हिमाचल प्रदेश	240
जम्मू और कश्मीर	399
कर्नाटक	2888
केरल	2193
मध्य प्रदेश	2783
महाराष्ट्र	10169
मेघालय	118
मणिपुर	67
मिजोरम	39

1	2
नागालैंड . .	52
उड़ीसा . .	1279
पंजाब . .	3127
राजस्थान . .	2799
सिक्किम . .	20
तमिलनाडु . .	5196
त्रिपुरा . .	68
उत्तर प्रदेश . .	6374
पश्चिम बंगाल . .	3352
अंडमान निकोबार .	53
चंडीगढ़ .	208
दादर और नागर हवेली .	28
दमन और द्वीप .	16
दिल्ली . .	2423
लक्ष्यद्वीप . .	
पांडिचेरी . .	161

(ग) सरकार ने तेल शोधन के क्षेत्र में निजी निवेश की अनुमति दी है। 53.40 मि० मि० टन प्रतिवर्ष की वर्तमान शोधन क्षमता के प्रति जारी किए गए आशय पत्रों के अनुसार सभी परियोजनाओं के क्रियान्वित हो जाने के उपरांत ऐसी उम्मीद है कि देश में कुल शोधन क्षमता 135 मि० मि० टन प्रतिवर्ष हो जाएगी। यह क्षमता 2001-2002 के लिए मांग सहित भविष्य की अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी जिसके लगभग 102 मि० मि० टन प्रतिवर्ष होने का अनुमान है।

(घ) और (ङ) कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान व्यय की गयी कुल विदेशी मुद्रा क्रमशः करीब 17045 करोड़ रुपए तथा 17730 करोड़ रुपए थी।

1994-95 के दौरान फिलहाल 19136 करोड़ रुपए विदेशी मुद्रा के व्यय होने का अनुमान लगाया गया है।

दिल्ली में जहरीली गैस का फैलना

*8. **श्री दिग्विजय सिंह :**
श्री अमरनाथ अग्रवाल :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि पूर्वी दिल्ली की कर्दमपुरी बस्ती में जहरीली गैस के फैलने से कई व्यक्ति मारे गए हैं और सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो उक्त दुर्घटना में मारे गए व्यक्तियों और प्रभावित व्यक्तियों/परिवारों की कुल संख्या कितनी-कितनी है; और

(ग) यदि सरकार ने जहरीली गैस के फैलने के कारणों का पता लगाने, अभियुक्त को गिरफ्तार करके दंडित करने और मृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों/प्रभावित व्यक्तियों को स्वास्थ्य रक्षा संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के अलावा सहायता प्रदान करने के लिए कोई कार्यवाही की है, तो उसका ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) : (क) जी हां, श्रीमान।

(ख) और (ग) 13 नवम्बर, 1994 को बड़े सवेरे जहरीली गैस फैल जाने